Q-127-Y

# B. A. (Sem.-I) Examination, December-2023

## (Only for Non-Collegiate Candidates)

### GENERAL HINDI

### (सामान्य हिन्दी)

### Compulsory Paper

Time Allowed : **Hours**

Max. Marks : **50**

*सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है । ओ.एम.आर. शीट पर निर्देश पढ़ कर सही उत्तर (A/B/C/D) अंकित करने के लिए संबंधित वृत्त को एच.बी. पेन्सिल/बॉल पेन से काला कीजिये। सामान्य हिन्दी अनिवार्य प्रश्न–पत्र में कुल 50 प्रश्न है, प्रश्नों की क्रम संख्या 01 से 50 तक निर्धारित है। इस प्रश्न–पत्र में प्रत्येक इकाई से 10 प्रश्न लेते हुए कुल 50 बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे।*

1 'नर हो न निराश करो मन को' कविता का मूल भाव क्या है?

(A) प्रयोगवादी
(B) प्रगतिवादी
(C) आशावादी
(D) निराशावादी

2 'हम अनिकेतन' कविता के रचनाकार हैं –

(A) सुमित्रानंदन पंत
(B) महादेवी वर्मा
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

3 'झाँसी की रानी' कविता किस रस में रची गई?

(A) वात्सल्य
(B) वीर
(C) रौद्र
(D) श्रृंगार

4 'हिमालय के आँगन में' कविता के रचनाकार हैं –

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) सुमित्रानंदन 'पंत'
(D) महादेवी वर्मा

5 'शहीद की माँ' कविता किसकी है?

(A) गिरिजा कुमार माथुर
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) रघुराज सिंह हाड़ा
(D) मैथिलीशरण गुप्त

6 निम्न में से रामधारी सिंह 'दिनकर' की कविता है –

(A) पन्द्रह अगस्त
(B) झाँसी की रानी
(C) दिल्ली
(D) हिमालय के आँगन में

https://pyqlelo.com

7 'जागो फिर एक बार' कविता में कवि ने किससे प्रेरणा लेने की बात कही है?

(A) गुरु नानक देव (B) गुरु तेग बहादुर

(C) गुरु गोविन्द सिंह (D) गुरु हर गोविन्द

8 'पन्द्रह अगस्त' कविता के रचनाकार हैं

(A) निराला (B) गिरिजा कुमार माथुर

(C) रघुराज सिंह हाड़ा (D) जयशंकर प्रसाद

9 'खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी' यह कविता की पंक्तियां किसकी है?

(A) महादेवी वर्मा (B) अमृता प्रीतम

(C) सुभद्रा कुमारी चौहान (D) सरोजनी नायडू

10 रघुराज सिंह हाड़ा मुख्यतः किस बोली के कवि हैं?

(A) अवधी (B) ब्रज

(C) हाड़ौती (D) मेवाती

11 'राष्ट्र का स्वरूप' निबन्ध के लेखक कौन हैं?

(A) कुबेरनाथ राय (B) वासुदेव शरण अग्रवाल

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी (D) राजेन्द्र प्रसाद

12 राष्ट्र के स्वरूप निर्माण के लिए भूमि व जन के अतिरिक्त किसकी आवश्यकता होती है?

(A) संस्कृति (B) सभ्यता

(C) वायुमण्डल (D) कर्त्तव्य

13 'उत्सर्ग' रचना के रचनाकार कौन हैं?

(A) रामकुमार वर्मा (B) प्रेमचन्द

(C) भारतेन्दु (D) रांगेय राघव

14 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' निबन्ध के लेखक है

(A) कुबेरनाथ राय (B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) रामकुमार वर्मा (D) रामवृक्ष बेनीपुरी

15 निम्न में से प्रेमचन्द की रचना है -

(A) अदम्य जीवन (B) गेहूँ बनाम गुलाब

(C) बड़े घर की बेटी (D) राष्ट्र का स्वरूप

16 'गेहूँ बनाम गुलाब' किस प्रकार का निबन्ध है?

(A) ललित निबन्ध (B) विचारात्मक निबन्ध

(C) राजनीतिक निबन्ध (D) वर्णनात्मक निबन्ध

17 'भवानी शंकरौ वंदे' किसकी रचना है?

(A) राजेन्द्र प्रसाद (B) रांगेय राघव

(C) कुबेरनाथ राय (D) प्रेमचन्द

18 राजेन्द्र बाबू की गाँधीजी से भेंट किस आन्दोलन से हुई?

(A) नमक तोड़ो (B) डांडी यात्रा

(C) चम्पारन आन्दोलन (D) भारत छोड़ो आंदोलन

19 'अदम्य जीवन' के लेखक हैं -

(A) रामकुमार वर्मा (B) प्रेमचन्द

(C) रांगेय राघव (D) कुबेरनाथ राय

20 'उत्सर्ग' रचना किस प्रकार की विधा है?

(A) कहानी (B) एकांकी

(C) निबन्ध (D) रिपोतार्ज

21 प्रसंगानुकूल का संधि-विच्छेद होगा?

(A) प्रसंगा + नुकूल (B) प्रसंगानु + कूल

(C) प्रसंग + अनुकूल (D) प्र + संगानुकूल

22 'चतुर्भुज' में कौन सा समास है?

(A) द्वन्द्व (B) द्विगु

(C) तत्पुरुष (D) बहुव्रीहि

23 निम्नलिखित शब्दों में से किसमें स्वर संधि है?

(A) सदाचार (B) तपोगुण

(C) अतएव (D) रजनीश

24 'अनुपम' का पर्यायवाची शब्द है?

(A) पार्थिक (B) स्वर्गीय

(C) लौकिक (D) अद्वितीय

25 'हनुमान' का पर्यायवाची शब्द नहीं है –

(A) पवनपुत्र (B) मारुति

(C) अंजनिपुत्र (D) विनायक

26 'स्थावर' का विलोम शब्द है –

(A) जंगम (B) संचल

(C) चेतन (D) चंचल

27 'याचक' शब्द में प्रत्यय है –

(A) अक् (B) क

(C) चक (D) आचक

28 'अध्यक्ष' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग का नाम बताइये –

(A) अध (B) आध

(C) अधि (D) अ

29 'आधुनिक' का विलोम शब्द है –

(A) पुराना (B) पूर्व

(C) प्राचीन (D) नवीन

30 'पढ़ाई' में कौन सा प्रत्यय है?

(A) ई (B) आ

(C) आई (D) आइ

31 निम्न में से कौन सा शब्द शुद्ध है?

(A) एतिहासिक (B) इतिहासिक

(C) इतिहासीक (D) ऐतिहासिक

32 निम्न में से शुद्ध शब्द कौन सा है?

(A) अद्वितीय (B) उज्जवल

(C) अध्यात्मिक (D) पूज्यनीय

33 निम्न में से अशुद्ध वाक्य है –

(A) उसका कद मुझसे बड़ा है

(B) नगर में सर्वत्र शांति थी

(C) रोको, मत जाने दो

(D) उसे बहुत प्यास लगी है

34 'रंग में भंग डालना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) बिजली गुल कर देना (B) परेशान करना

(C) विघ्न डालना (D) उत्पात मचाना

35 जो कम बोलता हो –

(A) मूक (B) अल्पभाषी

(C) मौन (D) वाचाल

36 'तुरंग और तरंग' का अर्थ देने वाला सही शब्द युग्म है –

(A) सूर्य–नौका (B) घोड़ा–लहर

(C) लहर–घोड़ा (D) हाथी–किरण

37 'कोयले की दलाली में मुँह काला' लोकोक्ति का अर्थ है –

(A) कोयले का व्यापार करना

(B) बुरे काम में बुराई मिलना

(C) झूठ बोलना

(D) व्यापार में घाटा होना

38 'पानी पानी होना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) बाढ़ आना (B) वर्षा का आना

(C) दया आना (D) शर्मिंदा होना

39 शुद्ध शब्द चुनिए –

(A) श्रीमति (B) श्रीमती

(C) श्रिमति (D) श्रीमिति

40 'ज्ञान प्राप्ति की इच्छा रखने वाला' वाक्यांश का सार्थक शब्द है –

(A) पिपासा (B) जिज्ञासु

(C) संन्यासी (D) तपस्वी

41 निम्न में से कौन सा शब्द देशज है?

(A) अग्नि (B) प्रार्थना

(C) लोटा (D) खेल

42 'हस्ती' का तद्भव शब्द कौन सा है?

(A) हाथ (B) हँसी

(C) हाथी (D) हरी

43 'तिनका' का तत्सम शब्द कौन सा है?

(A) काष्ठ (B) तीक्ष्ण

(C) तृण (D) स्वर्ण

44 शब्द प्रकार की दृष्टि से कितने भेद होते हैं ?

(A) चार (B) दो

(C) तीन (D) पाँच

45 निम्नांकित में देशज शब्द है -

(A) बिस्तर (B) पलंग

(C) खाट (D) कोई नहीं

46 तत्सम-तद्भव का सही युग्म नहीं है -

(A) ग्राम-गाँव (B) कार्य-काज

(C) अग्नि-अनल (D) गृह-घर

47 'संधि' शब्द है-

(A) तद्भव (B) विदेशज

(C) तत्सम (D) देशज

48 संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द होते हैं-

(A) प्रत्यय (B) उपसर्ग

(C) सर्वनाम (D) विशेषण

49 OATH का पारिभाषिक शब्द है -

(A) सौगन्ध (B) शपथ

(C) वादा (D) कसम

50 COUNCIL का हिन्दी अर्थ क्या होगा ?

(A) मन्त्रिमंडल (B) परिषद्

(C) संगठन (D) मंडल

https://pyqdelo.com